



# उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय पर थमा सियासी विवाद

**दिग्गी बोले -जीतू मेरा छोटा भाई, पटवारी के पास गलत तथ्य थे मैंने सही किए, सिंहस्थ से पहले होगा संग्रहालय का काम**

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत बन रहा वीर भारत संग्रहालय निर्माण पूरा होने से पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। संग्रहालय को लेकर हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा वीर भारत न्यास को निजी संस्था बताए जाने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्वयं सामने आकर इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि वीर भारत न्यास निजी नहीं, बल्कि सरकारी संस्था है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं दस्तावेजों का अध्ययन किया है और गूगल पर उपलब्ध तथ्यों की भी जांच की है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी उनके छोटे भाई की तरह हैं और उनके पास जो जानकारी थी, वह तथ्यात्मक रूप से गलत थी, जिसे उन्होंने सुधारने का प्रयास किया है। दिग्विजय सिंह ने यह भी याद दिलाया कि जब मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार थी, तब इस कोठी की इस योजना को निजी ओबेरॉय होटल को सौंपने पर चर्चा हुई थी। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रथम तल पर प्रस्तावित 94 स्लैब में से 35 स्लैब का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भूतल पर वुडन स्लैब, स्टोन वर्क और मुख्य फ्रंट एलिवेशन के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए एजेंसी को निर्देशित किया गया है।



### नए-नए परस्पर विरोधी बयान-148 साल पुरानी कोठी

वीर भारत संग्रहालय को लेकर कांग्रेस के भीतर ही सामने आए अलग-अलग बयानों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को और तेज कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पूरे विवाद पर कोई प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया नहीं दी। उनकी खामोशी के बीच कांग्रेस के नेताओं के परस्पर विरोधी बयान राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र बन गए। इधर, स्मार्ट सिटी के माध्यम से कोठी रोड स्थित 138 वर्ष पुराने ऐतिहासिक कोठी महल को वीर भारत संग्रहालय के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से जारी है। सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

### गौरवशाली परंपरा दिखेगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार ऐतिहासिक भवन की मूल वास्तुकला और विरासत को सुरक्षित रखते हुए इसका संरक्षण एवं पुनर्निर्माण किया जा रहा है। संग्रहालय में भारत की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास, वीरता, राष्ट्र निर्माण और आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक परंपराओं से जुड़े महापुरुषों के जीवन एवं योगदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके लिए डिजिटल गैलरी, ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन, थ्री-डी डिस्प्ले और इंटरैक्टिव प्रदर्शनी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## सीसीटीवी से आरपीएफ-जीआरपी में पकड़ा मोबाइल चोर

**उज्जैन।** रेलवे यात्री के साथ बुकिंग विंडो के पास हुई मोबाइल चोरी की वारदात में शामिल बदमाश को आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने कैमरों के फुटेज देख कर घेराबंदी के बाद पकड़ लिया बदमाश से चोरी के 2 मोबाइल बरामद किये गये हैं।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि गुजरात का रहने वाला महेश भाई उज्जैन आया था। वापस लौटने के लिये ट्रेन पकड़ने के लिये स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन आने में समय होने पर मुसाफिर खाना के पास बुकिंग विंडो के पास विश्राम के लिये लेट गया। आंख लगने पर अज्ञात बदमाश ने जेब से मोबाइल निकाला और भाग निकला। 24 हजार कीमत का सेमसंग मोबाइल चोरी होने की शिकायत उसके द्वारा जीआरपी से की। बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव का सहयोग लिया गया और कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी घेराबंदी शुरू की गई। जीआरपी की टीम ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके पास से चोरी का सेमसंग मोबाइल बरामद किया गया। वहीं एक अन्य मोबाइल रेडमी कंपनी 12 हजार का भी जप्त हुआ। जो कुछ दिन पहले स्टेशन से चोरी किया जाना सामने आया। आरोपी को थाने लाया गया और पूछताछ की गई। बदमाश आगर मालवा के सुसनेर थाना क्षेत्र स्थित श्यामपुरा का रहने वाला विक्रमसिंह 30 साल सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में मारपीट और छेड़छाड़ के मामले दर्ज है। थाना प्रभारी भावसार के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और लत पूरी करने के लिये रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों के मोबाइल चोरी कर रहा था।

## पुलिस ने चैकिंग में सहयोग नहीं करने पर जब्त किया ऑटो

**उज्जैन।** पुलिस द्वारा शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा एक ऐसे ऑटो चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई, जिसने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के साथ चेकिंग के दौरान पुलिस कार्रवाई में सहयोग नहीं किया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित ऑटो चालक शादाब पिता अकरम पठान, उम्र 25 वर्ष, निवासी सम्राट नगर, आगर रोड, उज्जैन द्वारा संचालित ऑटो वाहन के आवश्यक दस्तावेज, जिनमें वाहन से संबंधित वैधानिक कागजात सम्मिलित हैं, निर्धारित अवधि से समाप्त हो चुके थे। दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर चालक द्वारा पुलिस कार्रवाई में अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया, जिसके चलते नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने तत्काल संबंधित ऑटो वाहन को जब्त किया।

### सहयोग नहीं करने पर होगी कार्रवाई

यातायात डीएसपी दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस आम नागरिकों, विशेषकर यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ऐसे ऑटो चालक जो बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालित करते हैं अथवा चेकिंग के दौरान पुलिस कार्रवाई में सहयोग नहीं करते, उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

**उज्जैन।** पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में ईंट-भट्टों, प्रवासी बस्तियों एवं अन्य हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही है। सोमवार को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आरके पाल एवं जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य माथुर ने अभियान का निरीक्षण करते हुए ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिक परिवारों के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि पोलियों का आयोजन विगत रविवार को किया गया जिसके अन्तर्गत जिले में पोलियो बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियों की दवाई पिलाई गई।

## नागदा में हुई हत्या : पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा

- मामला जयप्रकाश की हत्या का, तलवार से वार मारा था युवक को

**बीड़ी मांगने पर हुआ था विवाद, नहीं देने पर घर जाकर हथियार लाकर की वारदात**

**नागदा/उज्जैन। बिरलाग्राम क्षेत्र में ई-ब्लॉक टापरी क्षेत्र में युवक पर तलवार से हमलाकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने राउंडअप कर लिया है। सोमवार की सुबह सरकारी अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने हत्या में एक से अधिक व्यक्तियों के शामिल होने का आरोप लगाया, जबकि पुलिस ने चार प्रत्यक्षदर्शियों की वीडियो ग्राफी परिजनों को बताकर संतुष्ट करने का प्रयास किया।**

ईब्लाक निवासी जयप्रकाश उर्फ टक्कू पिता राकेश परिहार उम्र 19 वर्ष की रविवार की देर शाम को मोहनलाल पिता अम्बाराम उम्र 55 वर्ष ने तलवार से हमलाकर हत्या कर दी थी, पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

टीआई जितेंद्र पाटीदार के अनुसार शाम तीन बजे से दोनों साथ में घूम रहे थे ओर साथ में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान बीड़ी की बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मोहनलाल उठ कर गया ओर घर से तलवार लाकर उसने जयप्रकाश पर हमला कर दिया। जिससे उसके सीने पर गंभीर चोंट हो पर प्रत्यक्षदर्शी उपचार के लिए जनसेवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या में मोहन के साथ दो अन्य व्यक्तियों के शामिल होने का आरोप लगाया। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद चार व्यक्तियों की वीडियोग्राफी दिखाकर परिजनों को संतुष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे। स्वजनों का कहना है कि घटना के समय मौके पर कौन कौन था, उनकी मोबाईल लोकेशन, सीडीआर सहित वीडियो फुटेज देखे जाए तो सत्यता सामने आ जाएगी। हमले में जयप्रकाश के सीने दो हिस्से में लटका हुआ दिखाई दे रहा था। सीने के चार हड्डियां टूटने की बात कही जा रही है। सोमवार की सुबह सरकारी अस्पताल में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जयप्रकाश के शव का पीएम करवाकर स्वजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी मोहन को तलवार सहित हिरासत में ले लिया था।

### निर्माणाधीन मकान में मशीन के नीचे दबा मासूम बालक


उज्जैन। निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहे परिवार का 8 वर्षीय बालक सोमवार दोपहर खेलते समय वजनी मशीन के नीचे दब गया उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर में घनश्याम चेतनानी के मकान बन रहा है। जहां नलखेड़ा गुदरावत निवासी हेमराज मेनिया पत्नी और दो बच्चों के साथ मजदूरी के लिए आया हुआ था। दोपहर में पति-पत्नी काम कर रहे थे वहीं 3 साल की मासूम बेटी सो रही थी 8 साल का बेटा नैन्स दूसरी मंजिल पर खेल रहा था इस दौरान वहां रखी मिनी लिफ्ट मशीन अचानक पलटी खा गई 8 साल का मासूम दब गया उसकी चीख सुनकर परिवार पहुंचा और अन्य मजदूरों की मदद से मशीन को हटाया। मासूम नैन्स को निजी अस्पताल ले जाएगा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर मासूम का पोस्टमार्टम कराया। नैन्स मेनिया पहली कक्षा में पढ़ता था। उसके माता-पिता बेटे को देख बेहोश हो गए।

## नि :शुल्क होम्योपैथिक शिविर, 135 मरीजों की हुई जांच

- संत सत्कार समिति की बैठक में सिंहस्थ को लेकर प्रस्ताव पारित

**उज्जैन।** संत सत्कार समिति, भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और दवा इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में पिपलीनाका स्थित गुमानदेव मंदिर में 77वां नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक संरक्षक ब्रह्मलीन पं. श्यामनारायण व्यास की पुण्य स्मृति में लगे इस शिविर में 135 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां दी गईं।

दीपक राजवानी ने बताया कि शिविर के दौरान पं. चंदन गुरु के सानिध्य में संस्था की त्रैमासिक बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा गुरु, विठ्ठल नागर, अरविंद जैन और शीला व्यास थे। अध्यक्षता श्याम माहेश्वरी ने की। बैठक में डॉ. चिंतामण राठौर, प्रदीप तिवारी, दिनेश महाजन, सुरेखा तंवर, राकेश वनवट ने आगामी श्रावण मास व सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न प्रस्ताव रखे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. राकेश भार्गव और कार्यक्रम महेश गुप्ता थे। शिविर में होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्रसिंह भदौरिया, डॉ. आशीष जैन एवं डॉ. प्रीति ने मरीजों की जांच की।



### आयोजन में इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में चंद्रशेखर माहेश्वरी, विजय पटेल, रवींद्र मुले, सुमन वर्मा, माया शर्मा, चंद्रलेखा वर्मा, मोनिका चित्तौड़ा, हीरामनी महाजन, प्रमोद जैन, सदुबाला सोनी, रवींद्र धनोतिया, विश्वजीत सिंह राठौर, रमेश रोहरा, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. विशाल पाटीदार और तनु-रुद्रेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। संचालन सचिव भगवान शर्मा ने किया एवं आभार संजीव आचार्य ने माना।

### गरोठ पुलिया के नीचे युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** बीती रात गरोठ पुलिया के नीचे एक युवक पर कुछ बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रात 2 बजे से ही वह बेहोशी की हालत में है। होश आने पर उसके साथ हुई घटना स्पष्ट हो पाएगी। चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगर नाके पर रहने वाला इमरान पिता अब्दुल कादर रात 1 बजे गरोठ पुलिया के नीचे से होता हुआ अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे रोका और चाकू मार दिए। सात से आठ चाकू के गहरे घाव लगने से इमरान लहूलुहान हो गया। उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी लगते ही परिवार और पुलिस भी अस्पताल पहुंच गए थे। इमरान की हालत गंभीर बनी हुई थी और वह बेहोशी की हालत में था। आज सुबह भी उसे होश नहीं आया था। पुलिस के अनुसार हालत में सुधार होने और बयान दर्ज होने पर ही इमरान के साथ हुई घटना स्पष्ट हो पाएगी। वाइन शॉप के पास मारपीट-रात में गरोठ पुलिया के आगे वाइन शॉप पर भी विवाद का मामला सामने आया है। दालमिल चौराहा पर रहने वाले राज के साथ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट की है। पुलिस बदमाशों का पता लगा रही है। विदित हो कि इसके पूर्व भी यहां पर चाकू मारकर हत्या हो चुकी है।

## एक नजर में



### संस्कार भारती की मासिक संगोष्ठी संपन्न

**उज्जैन।** विश्व में बदलाव की शुरुआत हमें स्वयं में परिवर्तन से करनी होगी। यदि हम स्वयं में बदलाव लाते हैं, तो परिवार, समाज, राष्ट्र और अंतत: विश्व में परिवर्तन आएगा। स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक अनुशासन और सामाजिक समरसता जैसे पंच परिवर्तन के लक्ष्यों को इसी माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। यह बात संस्कृत के आचार्य पं. बालकृष्ण शर्मा ने कही। वे संस्कार भारती जिला उज्जैन द्वारा आयोजित साहित्य विधा की मासिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। पं. शर्मा ने कहा कि शब्दों के अभाव में जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। अध्यक्षता माया बदेका ने की। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में शंका-समाधान गतिविधि आयोजित की गई। संचालन शुभम शर्मा ने किया तथा आभार अनुज पांचाल ने माना। उक्त जानकारी जयंत तेलंग ने दी।



### अभा बलाई महासभा का विस्तार

**उज्जैन।** अखिल भारतीय बलाई महासभा ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया है। चैत्र पूर्णिमा और कबीर जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष बैठक में पूर्व सरपंच ईश्वर कटारिया को प्रदेश सहसचिव तथा गोविंद मालवीय को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी। महासभा के प्रदेश कार्यालय सचिव धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा पर इन दोनों कर्मठ समाजसेवियों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के अवसर पर अरविंद मालवीय, संतोष सांवले, जगदीश मकवाना और जीवन परमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही अर्जुन सोलंकी, शुभम मालवीय और विकास सिसोदिया सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर हर्ष व्यक्त किया।



### स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों की जांच

**उज्जैन।** कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस के अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण से पूर्व संगठन की अध्यक्ष दीपा आर्य और सचिव रागिनी हटिया ने कबीर साहेब की महिमा का स्मरण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद शिविर में पहुंचे लोगों की बीपी, शुगर और आंखों की जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कार्यक्रम की रूपरेखा पुष्पा जंगरिया द्वारा तैयार की गई। आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाली सदस्य सरोज कछवाय, ममता लारिया, प्रेमलता जंगरिया, ललिता पारिया, दिव्या रठा, प्रियंका रठा, लीला शाक्य, ममता मानकेरे, अनिता भिटोरिया, नीलिमा वर्मा, सीमा पथवार, रीना हटिया, अंजू बड़ोनिया और संजना कोरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अर्चना कछवाय ने सभी का आभार माना।

### सेवा कार्य पूर्ण समर्पण भाव से करें

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन कपल के वर्तमान सत्र की अंतिम साधारण सभा इंदौर रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस सभा में क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सदस्यों से सेवा व अन्य गतिविधियां पूर्ण समर्पण भाव से करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पलकेश अग्रवाल, पूजा शर्मा और शुभम नागर का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। वंदना सुनील अग्रवाल ने वर्ष भर की सफल गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी सदस्यों का आभार माना। अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पलकेश अग्रवाल ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी वर्ष में सभी सेवा कार्य व अन्य गतिविधियां वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में और अधिक बेहतर ढंग से की जाएंगी। कार्यक्रम में संतोष व सरला अग्रवाल, रितेश शर्मा, सुनील बी अग्रवाल, महेश व निशा हरभजनका, मनोज व कृतिका हींगें, डॉ. राहुल नागर, सुरेंद्र व अलका अग्रवाल, बबीता एस अग्रवाल, वाय के दुबे व लायन निशा दुबे और लायन रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

### अमित तिवारी की माता का निधन

**उज्जैन।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन के अध्यक्ष अमित तिवारी की माता राजकुमारी तिवारी का 28 जून को स्वर्गवास हो गया। उनकी शवयात्रा में समाज के सदस्यों के साथ ही शहर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतिम संस्कार के पश्चात चक्रतीर्थ पर शोक सभा रखी गई। इस शोक सभा की अध्यक्षता समाज के सदस्य एवं पार्षद रामेश्वर दुबे ने की। यह जानकारी विष्णु दीक्षित ने दी।

**एक नजर में** मंडली के संगीतमय कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु, संत व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए

## इस्कॉन में जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को हजारों भक्तों ने कराया स्नान

**उज्जैन।** भरतपुरी में स्थित इस्कॉन मंदिर में सोमवार को पूर्णिमा पर स्नान यात्रा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विराजित भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया गया। स्नान कराने के लिए नगर के संत-महंत और जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में भक्त उमड़े।

भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा से पहले स्नान यात्रा होती है। तीनों भगवान का पहले पंचामृत और गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा सहित विभिन्न तीर्थों के पवित्र जल से अभिषेक-पूजन किया गया। इस्कॉन क मंडली ने परिसर में संगीत के साथ जोरदार कीर्तन किया। इस्कॉन उज्जैन के पीआरओ सुंदर दामोदर दास ने बताया स्नान यात्रा उत्सव के दौरान जल गंगा संवर्धन पखवाड़े का समापन किया गया। अभिषेक में शामिल महिलाओं ने साड़ी और पुरुषों ने धोती-कुर्ता पहने रखा था। सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से भगवान की शोभायात्रा निकाली गई, जो विशेष वेदी तक पहुंची। इसके बाद जल से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ। इस खास मौके पर उमेश नाथ महाराज, महावीर नाथ महाराज, यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी उपस्थित हुए। दोपहर 2.30 बजे तक श्रद्धालुओं ने लंबी कतार में लगकर अपने हाथों से भगवान का जलाभिषेक किया। परंपरा अनुसार स्नान यात्रा के बाद भगवान अधिक जल लगने से बीमार हो जाते हैं। इसलिए अब उन्हें 15 दिनों तक विश्राम में रखकर औषधियों से युक्त काढ़ा आदि पिलाया जाएगा। जिससे वे स्वस्थ्य हो जाएंगे। फिर भगवान 16 जुलाई को आषाढ़ शुक्ल की द्वितीया पर विशाल रथों में सवार होकर भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी के साथ यात्रा के रूप में भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे।




### जगन्नाथ ने भक्तों को दिए गजवेश रूप में दर्शन

स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी के गजवेश (हाथी स्वरूप) के दर्शन भक्तों को कराए गए। शाम 6 बजे इस्कॉन उज्जैन में श्रील प्रभुपाद के शिष्य भक्ति चारू स्वामी महाराज की 49 वीं संन्यास वर्षगांठ भी मनाई गई। इस वर्ष मध्यप्रदेश में निकलने वाली 108 रथ यात्राओं में उपयोग होने वाले रथों के साथ विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए छोटे रथ भी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे।

## अकादमी में आज सजेगी गीतों की महफिल

- कार्यक्रम स्व. शांतिदेवी पलोड़ की
- स्मृति में आयोजित किया जा रहा है

**उज्जैन।** शहर के कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्य गृह में 30 जून को भव्य संगीतात्मक कार्यक्रम एक शाम संगीत के नाम का आयोजन किया जा रहा है। ओम शांति ओम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। जिसमें संगीत प्रेमी मधुर धुनों का आनंद ले सकेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया जाएगा। शुभारंभ शाम 5 बजे मुख्य अतिथि सुचिता पंडित और विशिष्ट अतिथि विनोद कालंबकर द्वारा मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। इसके पश्चात संगीता लाहोटी द्वारा गणेश वंदना, अनुष्का व अंशुबिका मकवाना द्वारा सरस्वती वंदना और आनंद शर्मा द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके बाद डॉ. पलोड़ द्वारा ग्रुप का टाइटल गीत प्रस्तुत किया जाएगा।

आयोजक डॉ. अनिल पलोड़ ने बताया कि यह संगीतमय कार्यक्रम स्व. शांतिदेवी पलोड़ की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

### इन गायकों की होगी संगीतमय प्रस्तुति

कार्यक्रम में कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। पुरुष गायकों में संजय देशपांडे, डॉ. किशोर राठौर, विनोद कालंबकर, विजय पांडे, अभय पांचखेड़े, दीपक सरमण्डल, राजेश पलोड़, डॉ. दिनेश यादव, कमल सिंह, द्वारका पलोड़, संजय मूले, संजय शाह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, राकेश शर्मा, सुनील माथुर और डॉ. अमित सोनी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। वहीं महिला गायकों में आरती भावसार, ब्रजबाला पलोड़, पिंकी चतुर्वेदी, रजनी नागर, हिमानी गढ़करी, सुनीता राठौर, माया वर्मा, अश्लेषा नायक, लाजवंती माहेश्वरी, अश्विनी दीपक, अलका कोठालकर, जीश्मी पंचोली, सुनीता जाटवा और सुशीला साठे सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगी। आयोजक डॉ. पलोड़ ने सभी संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।